# मध्यप्रदेश विधान सभा

## जुलाई, 2026 सत्र

## दैनिक कार्य सूची

## सोमवार, दिनांक 20 जुलाई, 2026 (आषाढ़ 29, 1948)

## समय 11.00 बजे दिन

### 1. निधन का उल्लेख

निम्नलिखित के निधन संबंधी उल्लेख :-
(1) श्री अश्विन जोशी, भूतपूर्व विधान सभा सदस्य,
(2) श्री पहाड़ सिंह कन्नौजे, भूतपूर्व विधान सभा सदस्य,
(3) मेजर जनरल भुवन चन्द्र खंडूरी, एवीएसएम (सेवानिवृत्त), भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री,
(4) डॉ. बशीर बद्र, सुप्रसिद्ध शायर,
(5) श्रीमती तीजन बाई, सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका.

### 2. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

### 3. अध्यादेशों का पटल पर रखा जाना

**श्री गौतम टेटवाल, राज्यमंत्री तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार (मुख्यमंत्री द्वारा अधिकृत),** भारत के संविधान के अनुच्छेद 213 की अपेक्षानुसार –

(क) मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज (संशोधन) अध्यादेश, 2026 (क्रमांक 1 सन् 2026) एवं
(ख) मध्यप्रदेश उपकर (संशोधन) अध्यादेश, 2026 (क्रमांक 2 सन् 2026)
पटल पर रखेंगे.

### 4. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) **श्री जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री (वाणिज्यिक कर),** मध्यप्रदेश माल और सेवा कर अधिनियम 2017 (क्रमांक 19 सन् 2017) की धारा 166 एवं मध्यप्रदेश वेट अधिनियम, 2002 (क्रमांक 20 सन् 2002) की धारा 71 की उपधारा (5) तथा मध्यप्रदेश वृत्तिकर अधिनियम, 1995 (क्रमांक 16 सन् 1995) की धारा 28 की उपधारा (3) की अपेक्षानुसार निम्न अधिसूचनाएं :-

(क) क्रमांक एफ ए-3-13-2017-1-पांच (04), दिनांक 03 फरवरी, 2026,
(ख) क्रमांक CT-8-0002-2026-Sec-1-पांच(CT)(05),दिनांक 26 फरवरी, 2026,
(ग) क्रमांक एफ ए 3-02/2017/1/पांच(06), दिनांक 06 मार्च, 2026,
(घ) क्रमांक CT-4-0001-2022-Sec-1-पांच(CT) (07), दिनांक 31 मार्च, 2026,
(ङ) क्रमांक CT-15-0001-2025-Sec-1-पांच(CT)(08),दिनांक 31 मार्च, 2026,
(च) क्रमांक CT-4-2-0001-2023-Sec-1-05(CT)(09), दिनांक 31 मार्च, 2026,
(छ) क्रमांक CT-4-2-0001-2023-Sec-1-पांच(CT)(10), दिनांक 22 अप्रैल, 2026, (शुद्धिपत्र), एवं
(ज) क्रमांक CT-8-0004-2026-Sec-1-पांच (12), दिनांक 18 मई, 2026,
पटल पर रखेंगे.

(2) **श्री राजेन्द्र शुक्ल, उप मुख्यमंत्री (लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा),** कंपनी अधिनियम, 2013 (क्रमांक 18 सन् 2013) की धारा 395 की उपधारा (1) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश पब्लिक हेल्थ सर्विसेस कार्पोरेशन लिमिटेड का 9वां वार्षिक प्रतिवेदन वित्तीय वर्ष 2022-2023 पटल पर रखेंगे.

(3) **श्री उदय प्रताप सिंह, स्कूल शिक्षा मंत्री,** भारत सरकार की गाईड लाईन के बिन्दु क्रमांक-2 के उप बिन्दु (7) की अपेक्षानुसार समग्र शिक्षा अभियान मध्यप्रदेश का वार्षिक प्रतिवेदन एवं अंकेक्षित लेखे वित्तीय वर्ष 2024-2025 पटल पर रखेंगे.

(4) **श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, ऊर्जा मंत्री,** कंपनी अधिनियम, 2013 (क्रमांक 18 सन् 2013) की धारा 395 की उपधारा (1) (ख) की अपेक्षानुसार –

(क) शहपुरा थर्मल पॉवर कंपनी लिमिटेड, जबलपुर (म.प्र.) का 19वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2024-2025, एवं

(ख) बाणसागर थर्मल पॉवर कंपनी लिमिटेड, जबलपुर (म.प्र.) का 14वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2024-2025

पटल पर रखेंगे.

(5) **श्री चेतन्य कुमार काश्यप, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री (मुख्यमंत्री द्वारा अधिकृत) -**

(क) कंपनी अधिनियम, 2013 (क्रमांक 18 सन् 2013) की धारा 395 की उपधारा (1) (ख) की अपेक्षानुसार –

(i) म.प्र. प्लास्टिक पार्क डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड के अन्तिम लेखे वर्ष 2024-2025,

(ii) डी.एम.आई.सी.पीथमपुर जल प्रबंधन लिमिटेड का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2023-2024,

(iii) एमपी इण्डस्ट्रियल डेवलपमेन्ट कार्पोरेशन लिमिटेड का 45वां वार्षिक प्रतिवेदन तथा लेखे वित्तीय वर्ष 2021-2022, एवं

(ख) कंपनी अधिनियम, 2013 (क्रमांक 18 सन् 2013) की धारा 394 की उपधारा (2) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम मर्यादित, भोपाल का 59वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2020-2021

पटल पर रखेंगे.

(6) **श्री इन्दर सिंह परमार, उच्च शिक्षा मंत्री,** मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 (क्रमांक 22 सन् 1973) की धारा 47 की अपेक्षानुसार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) का 53वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2024-2025 पटल पर रखेंगे.

## 5. फरवरी- मार्च, 2026 सत्र की स्थगित बैठकों की प्रश्नोत्तर सूचियां तथा प्रश्नों के अपूर्ण उत्तरों के पूर्ण उत्तरों का संकलन खण्ड-7 पटल पर रखा जाना

## 6. नियम 267-क के अधीन फरवरी- मार्च, 2026 सत्र में पढ़ी गई सूचनाओं तथा उनके उत्तरों का संकलन पटल पर रखा जाना

## 7. राष्ट्रपति/राज्यपाल की अनुमति प्राप्त विधेयकों की सूचना

## 8. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) **श्री देवेन्द्र पटेल, सदस्य,** मध्यप्रदेश में तेज आवाज के डी.जे. साउण्ड सिस्टम लगाने वालों पर कार्यवाही न किये जाने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) **श्रीमती अर्चना चिटनीस, सदस्य,** महाराष्ट्र के पंढरपुर स्थित मध्यप्रदेश सदन के वारकरी के श्रद्धालुओं हेतु मरम्मत एवं विकास कार्य कराये जाने की ओर राज्यमंत्री पर्यटन का ध्यान आकर्षित करेंगे.

## 9. अनुपस्थिति की अनुज्ञा

निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 58-पवई से निर्वाचित सदस्य, श्री प्रहलाद लोधी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 60-पन्ना से निर्वाचित सदस्य, श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह एवं निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 63-सतना से निर्वाचित सदस्य, श्री सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा को विधान सभा के जुलाई, 2026 सत्र की बैठकों से अनुपस्थित रहने की अनुज्ञा.

## 10. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) **श्री पंकज उपाध्याय, सदस्य,** मुरैना जिले के -

(क) ग्राम बघौरा कलां से बघौरा खुर्द तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(ख) ग्राम बुढ़ावली से बाबू बाबा मंदिर तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(ग) ग्राम माधौपुरा में नवीन विद्यालय स्वीकृत किये जाने,

(2) **श्री प्रीतम लोधी, सदस्य,** शिवपुरी जिले के पिछोर अंतर्गत किला व तालाब का सौन्दर्यीकरण कराये जाने,

(3) **श्री आतिफ आरिफ अकील, सदस्य,** पुराने भोपाल शहर में -

(क) दो पहिया/चार पहिया वाहनों के लिए मल्टी पार्किंग बनाये जाने,

(ख) क्षतिग्रस्त, बदहाल गड्ढो भरी सड़को का निर्माण कराये जाने,

(4) **श्री धीरेन्द्र बहादुर सिंह, सदस्य,** कटनी जिले की ग्राम पंचायत पठार हनुमान मंदिर से अमाड़ी तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(5) **डॉ. सतीश सिकरवार, सदस्य,** ग्वालियर जिले के -

(क) ग्राम डोंगरपुर पुतलीपुर घर में मरघट/शमशान घाट निर्माण कराये जाने,

(ख) वार्ड क्र. 60 अंतर्गत आने वाले ग्राम डोंगरपुर पुतलीघर में माहौर मोहल्ले एवं कुशवाह मोहल्ले में सड़क निर्माण कराये जाने,

(ग) वार्ड क्र. 23 में पेयजल एवं सीवर लाईन का निर्माण कार्य कराये जाने,

(6) **श्रीमती छाया गोविन्द मोरे, सदस्य,** खण्डवा जिले के -

(क) कुसुम्बिया से गोराडिया मार्ग स्थित धोड़वा नदी पर पुल का निर्माण कराये जाने,

(ख) घाटीखारू से इटारिया एवं पाबईकला से डापम्या तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(7) **श्री विश्वनाथ सिंह मुलाम भैया, सदस्य,** नरसिंहपुर जिले के ग्राम सिहोरा को नवीन जनपद पंचायत गठित कराये जाने,

(8) **श्री कमल मर्सकोले, सदस्य,** सिवनी जिले के -

(क) मंडी काचना जलाशय हेतु अतिरिक्त राशि स्वीकृत कराये जाने,

(ख) ग्राम बुढैना कला से बिछुआ मार्ग पर गदम नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कराये जाने,

(9) **श्री विक्रम सिंह, सदस्य,** सतना जिले के रामपुर बाघेलान अंतर्गत अहिरगांव एवं मएऊड़र में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का भवन निर्माण काये जाने,

(10) **श्री मधु भगत, सदस्य, -**

(क) सिंगरौली जिले की कोल ब्लॉक की जमीन कम दर पर क्रय कर आर्थिक नुकसान पहुंचाये जाने,

(ख) बालाघाट जिले के ग्राम मानपुर से कातोरली तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(11) **डॉ. सीतासरन शर्मा, सदस्य,** नर्मदापुरम जिले के -

(क) इटारसी में ए.एन.एम. प्रशिक्षणार्थीयों के लिये छात्रावास भवन निर्माण कराये जाने,

(ख) जिला चिकित्सालय के बिस्तर क्षमता में वृद्धि कराये जाने,

(12) **श्री गौरव सिंह पारधी, सदस्य,** बालाघाट जिले के -

(क) बड़ा तालाब कौयलारी भांगा एवं घाट पर पुलिया का निर्माण कराये जाने,

(ख) ग्राम संग्रामपुर के रोड पर पुलिया निर्माण कराये जाने,

(13) **श्री यादवेन्द्र सिंह, सदस्य,** टीकमगढ़ जिले में -

(क) रबी एवं खरीफ सीजन के दौरान किसानों को यूरिया, डीएपी खाद का पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध कराये जाने,

(ख) नगर पेयजल समस्या का समाधान कराये जाने,

(14) **इंजीनियर हरिबाबू राय, सदस्य,** अशोक नगर जिले के -

(क) ग्राम कूढ़ई से ढ़ेकन मे सड़क निर्माण कराये जाने,

(ख) ग्राम नगेश्री नदर से इंग्लीखेड़ी तक पक्की सड़क निर्माण कराये जाने,

(15) **श्री कैलाश कुशवाहा, सदस्य,** शिवपुरी जिले की ग्राम पंचायत भौराना रोड से चंदनपुरा रोड तक सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान कराये जाने,

(16) **श्रीमती रीती पाठक, सदस्य,** सीधी जिले में दक्षिण करौदिया गोपालदास रोड आराजी क्र. 436 निर्माणाधीन पार्क का नामांतरण कर शहीद स्मारक पार्क कराये जाने,

(17) **श्री रमेश प्रसाद खटीक, सदस्य,** शिवपुरी जिले के करैरा अंतर्गत ग्राम डाढ़ में नये घर से मजरा कुढ़ेन तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(18) **डॉ. हिरालाल अलावा, सदस्य,** धार जिले की ग्राम पंचायतडोंचा में जनपद पंचायत भवन के पीछे अमर खोदरा वाले नाले पर पुलिया निर्माण कराये जाने,

(19) **श्री हेमंत सत्यदेव कटारे, सदस्य,** भिण्ड जिले के -

(क) ग्राम आकौन से डाल की मडैयन तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(ख) ग्राम उदोतगढ़ अंतर्गत मुक्तिधाम जाने वाले रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराये जाने,

(20) **श्री आशीष गोविंद शर्मा, सदस्य,** देवास जिले के ग्राम कलवार के ट्यूबवेल में 24 घंटे विद्युत प्रदाय किये जाने,

(21) **श्री नितेन्द्र बृजेन्द्र सिंह राठौर, सदस्य,** निवाड़ी जिले के ग्राम घुरारा जागीर से ककावनी मेन रोड तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(22) **श्री विश्वामित्र पाठक, सदस्य,** सिंगरौली जिले के सिहावल अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय देवसर में स्नातकोत्तर कक्षाओं की स्वीकृति प्रदान कराये जाने,

(23) **श्री महेन्द्र नागेश, सदस्य,** नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव नगर पालिका परिषद में बाबू, लेखापाल, उपयंत्री, इंजीनियर एवं फायरमैन सहित सभी आवश्यक रिक्त पदों पर शीघ्र पदस्थापना की कार्यवाही किये जाने,

(24) **श्री राजेश कुमार शुक्ला, सदस्य,** छतरपुर जिले की ग्राम पंचायत ईशानगर को नगर परिषद बनाये जाने,

(25) **श्री फुन्देलाल सिंह मार्को, सदस्य,** अनूपपुर जिले की ग्राम पंचायत बेदी में उपस्वास्थ्य केन्द्र खोलने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

## 11. अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के कल्याण संबंधी समिति के लिए सदस्यों का निर्वाचन

**श्री नागर सिंह चौहान, अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री,** प्रस्ताव करेंगे -

"सभा के सदस्यगण, मध्यप्रदेश विधान सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमावली के नियम 234-क के उपनियम (1) द्वारा अपेक्षित रीति से वर्ष 2026-2027 के लिए अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के कल्याण संबंधी समिति के सदस्य होने के लिए अपने में से ग्यारह सदस्यों के निर्वाचन के लिए (जिनमें क्रमश: चार-चार सदस्य अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के होंगे) अग्रसर हों.".

## 12. पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति के लिए सदस्यों का निर्वाचन

**श्रीमती कृष्णा गौर, राज्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण,** प्रस्ताव करेंगी -

"सभा के सदस्यगण, मध्यप्रदेश विधान सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमावली के नियम 234-द के उपनियम (1) द्वारा अपेक्षित रीती से वर्ष 2026-2027 के लिए पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति के सदस्य होने के लिए अपने में से ग्यारह सदस्यों के निर्वाचन के लिए (जिनमें आठ सदस्य शासन द्वारा अधिसूचित पिछड़े वर्ग के होंगे) अग्रसर हों.".

## 13. नियम 139 के अधीन अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर चर्चा

प्रदेश में किसानों को खरीफ फसल हेतु खाद/बीज नहीं मिलने एवं अवर्षा से उत्पन्न स्थिति के संबंध में श्री उमंग सिंघार, सदस्य चर्चा उठायेंगे.

अरविन्द शर्मा
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 19 जुलाई, 2026